# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–01 नवम्बर 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लौहपुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह को किया सम्बोधित : कहा– अगले 25 वर्ष राष्ट्रीय एकता के लिए बहुत महत्वपूर्ण।
- श्रद्धा और उत्साह के बीच प्रदेश भर में मनाया गया दीपावली का पर्व, गांव से लेकर शहर तक सतरंगी रोशनी, आतिशबाजी और दीपों की रही धूम
- मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर में 185 करोड़ की विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण : कहा– जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ सभी लोगों को बगैर भेदभाव के दे रही सरकार
- पूर्वांचल के सभी जिलों में आज से शुरू होगी धान की सरकारी खरीद : किसानों की सुविधा के लिए बनाये गये हैं चार हजार क्रय केंद्र।

**********

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती के अवसर पर कल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गुजरात के केवड़िया में आयोजित राष्ट्रीय एकता समारोह में शामिल हुए। श्री मोदी ने कहा कि भारत के सामर्थ्य में उत्तरोत्तर वृद्धि होने की वजह से कुछ शक्तियां देश को अस्थिर करने में लगी हैं, अराजकता फैलाने में लगी है। उन्हें बेनकाब करने की जरूरत है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अगले 25 वर्ष में 'विकसित भारत' का लक्ष्य हासिल करने के लिए राष्ट्रीय एकता बहुत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पिछले दस वर्ष में सरकार अपनी नीतियों और निर्णयों से एक राष्ट्र की भावना को लगातार मज़बूत कर रही है।

***हमने वन नेशनल, वन टेक्स सिस्टम जीएसटी बनाया। वन नेशन वन पॉवरग्रिड से देश के पावर सेक्टर को मजबूत किया। हमने वन नेशन वन राशनकार्ड से गरीबों को मिलने वाली सुविधाओं को एक साथ जोड दिया। हमने आयुष्मान भारत के रूप में वन नेशन वन हेल्थ एंश्योरेंस की सुविधा देश के जन–जन को दी है। हमारे इन प्रयासों के तहत ही अब हम वन नेशन वन इलेक्शन पर काम कर रहे हैं।***

श्री मोदी ने देशवासियों का आह्वान किया कि देश की एकता में विविधता की भावना को आत्मसात करें। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत एक प्रगतिशील, समावेशी और विवेकशील राष्ट्र है, जो अनिश्चित वैश्विक परिस्थितियों में तेजी से विकास के रास्ते पर अग्रसर है।

***दुनिया के अलग–अलग देशों में रिश्तों का संकट है। भारत का विश्व बन्धु बनकर उभरना सामान्य नहीं है। यह नया इतिहास रचा जा रहा है। आज दुनिया देख रही है कि भारत कैसे अपने संकटों का दृढता के साथ समाधान कर रहा है।***

देश को एक सूत्र में पिरोने के लिए लौह पुरूष के योगदान को याद करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती अगले दो वर्ष तक देशभर में मनाई जाएगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल कच्छ के सरक्रीक क्षेत्र में बीएसएफ, नौसेना, वायुसेना और थलसेना के जवानों के साथ दीवाली भी मनाई।

**********

लौह पुरूष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती कल पूरे प्रदेश में मनाई गई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक और जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कल लखनऊ में सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। श्री पाठक ने कहा कि देश को एक सूत्र में पिरोने का जो ऐतिहासिक कार्य लौह पुरूष पटेल ने किया है उसे भुलाया नहीं जा सकता। इस अवसर पर राज्यपाल के अपर मुख्य सचिव डॉ0 सुधीर महादेव बोबडे ने राजभवन से "रन फॉर यूनिटी" रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

**********

प्रकाश का पर्व दीपावली कल श्रद्धा और उल्लास के माहौल में पूरे प्रदेश भर में मनाया गया। इस दौरान गांव और कस्बों से लेकर शहर रंग बिरंगी झालरों, दियों और आतिशबाजी से देर रात तक रोशन नजर आए। इस दौरान घरों में गणेश–लक्ष्मी और कुबेर की आराधना कर मंगल कामना भी की गई।

रामनगरी अयोध्या में दीपावली की ख़ास धूम रही। नगरवासी अपने आराध्य भगवान राम के अयोध्या पहुँचने के खुशी में आनंद और उल्लास में डूबे हुए नजर आए। रामलला के अयोध्या धाम स्थित मंदिर में विराजमान होने के बाद की पहली दीपावली पर संपूर्ण राम भक्तों में उत्साह नजर आया। चित्रकूट में भी दीपावली का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मां मंदाकिनी के घाट पर देश भर से

लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने दीपदान कर मंगल कामना की। इसी प्रकार वाराणसी, गोरखपुर, अम्बेडकरनगर, बलरापुर समेत सभी जनपदों में भी जोश और उत्साह के साथ दीपावली मनाई गई।

**********

राज्य सरकार नंदबाबा दुग्ध मिशन के तहत गौ पालकों और किसानों की अर्थिक हालत मजबूत करने के लिए अनुदान दे रही है। इस क्रम में योजना के तहत एक नवम्बर से तीस नवम्बर तक ऑन लाइन आवेदन मांगे गये हैं। कानपुर के मुख्य पशु चिकित्साधिकारी आईडीएन चतुर्वेदी ने बताया है कि आवेदन पत्र का प्रारूप विभागीय पोर्टल पर अपलोड है। अधिक जानकारी के लिए गौपालक जिले के मुख्य विकास अधिकारी और मुख्य पशु चिकित्साधिकारी के कार्यालय से सम्पर्क कर सकते हैं।

**********

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कल गोरखपुर के जंगल तिकोनिया नम्बर तीन में वनटांगियां गांव के लोगों के साथ दीपावली का पर्व मनाया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने वनटांगियां गांव में 185 करोड़ से अधिक लागत की 74 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण भी किया। अपने संबोधन में श्री योगी ने सामाजिक एकता पर बल देते हुए कहा कि जाति, क्षेत्र और भाषा के नाम पर समाज को बांटने वाली शक्तियों से सजग रहना जरूरी है। केन्द्र और राज्य सरकार की जन–कल्याणकारी सभी योजनाओं का लाभ लोगों को बगैर भेदभाव के मिल रहा है। विरासत संरक्षण और निरंतर विकास से रामराज्य की संकल्पना साकार हो रही है। इस दौरान श्री योगी ने जंगल तिकोनिया नम्बर तीन सहित 42 गांवों में मुहैया करायी गई पेय जल परियोजनाओं समेत कई विकास कार्यों का लोकार्पण भी किय

***आज आप 185,00,00,000 की योजनाओं की सौगात भी आपको मिल रही है। वनटांगिया गांव में अब तक लगभग 770 लोगों को एक एक आवास उपलब्ध कराया जा चुका है। पात्र गृहस्थी और अंत्योदय के कार्ड भी यहाँ पर लगभग 800 से ज्यादा परिवारों के बन चुके हैं आयुष्मान कार्ड का गोल्डन कार्ड 4000 लोगों के बन गए हैं 113 वृद्धावस्था पेंशन, 66 निराश पेंशन 25 दिव्यांग पेंशन का लाभ भी यहाँ पे प्राप्त कर रहे हैं। मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना में 12 लाभार्थी यहाँ से हैं। आज यहाँ पर हर घर में शौचालय है। हर घर में उज्ज्वला योजना का कनेक्शन भी है और चार प्राथमिक विद्यालय और एक पूर्व माध्यमिक विद्यालय।***

**********

इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में दीपावली के अवसर पर कल सुबह रामलला का दर्शन पूजन करने के साथ ही संत सन्यासियों से मुलाकात भी की।

**********

पूर्वांचल के सभी जनपदों में धान खरीद आज से शुरू होगी। पूर्वी उत्तर प्रदेश के लखनऊ, अयोध्या, गोरखपुर, देवीपाटन, बस्ती, आजमगढ़, वाराणसी, मिर्जापुर, प्रयागराज, चित्रकूट और कानपुर मंडलों के सभी जिलों में धान–खरीद का यह क्रम आगामी 28 फरवरी 2025 तक जारी रहेगा। राज्य सरकार ने किसानों को धान खरीद का भुगतान 48 घंटे के भीतर कराने का निर्देश जारी किया है। धान खरीद के लिए सभी जिलों में खाद्य रसद विभाग और अन्य क्रय एजेंसियों के चार हजार खरीद केंद्र बनाये गये हैं। सरकार ने धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य 2300 रूपये और ग्रेड–ए धान का समर्थन मूल्य 2320 रूपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है।

**********

बदायूं जिले के मुजरिया गांव में कल तेज रफ्तार ट्रैक्टर–ट्रॉली और मिनी बस में जोरदार टक्कर होने की वजह से छह लोगों की मौत हो गई जबकि पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को अस्पताल भिजवाया।

***बदायूं जिले के थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव मुजरिया के पास बदायूं दिल्ली हाइवे पर ऑटो ओपन लोडर नोएडा से सवारी लेकर बदायूं की ओर आ रहा था। जिसमें एक ट्रैक्टर द्वारा टक्कर मार दी गयी। इस दुर्घटना में ऑटो में सवार करीब दस व्यक्ति गंभीर रुप से घायल हो गए। साथ ही एक मोटर साइकिल सवार भी चपेट में आकर घायल हो गया। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल बदायूं में भर्ती कराया। जहां डॉक्टरों ने 6 व्यक्तियों को मृत घोषित कर दिया। मृतकों में 2 महिला और 2 बच्चे शामिल हैं। गंभीर घायलों को बदायूं राजकीय मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। घायल और मृतक बदायूं, बरेली और संभल के निवासी हैं। दुर्घटना का शिकार हुए सभी लोग नोएडा से बदायूं दीपावली पर्व मनाने आ रहे थे। मोहम्मद नईम आकाशवाणी समाचार बदायूं।***

**********